भा॰कृ॰अ॰प॰-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
I.C.A.R.- INDIAN AGRICULTURAL RESEARCH INSTITUTE
कार्मिक2 - अनुभाग ,निदेशालय ,नई दिल्ली 110012 -
PERSONNEL-II SECTION, DIRECTORATE, NEW DELHI – 110012
Phone No. 25843588, 25843994 (Extn. 4218) Fax No. 25846420, email – pii_dir@iari.res.in

संख्याः 2-5/2016-का॰2 दिनांकः 1-1-2022

सेवा में,

अवर सचिव (प्रशासन), भा॰कृ॰अनु॰प॰ एवं भा॰कृ॰अनु॰प॰ के अधीनस्थ सभी संस्थानों / रा॰अनु॰के॰/ निदेशालय/ परियोजना निदेशालयों / राष्ट्रीय ब्यूरो के निदेशक / प्रभारी

विषयः भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति के आधार पर निजी सचिव की नियुक्ति हेतु

महोदय/महोदया,

इस संस्थान में प्रतिनियुक्ति के आधार पर निजी सचिव वर्ग के निम्नलिखित रिक्त पद भरे जाने का प्रस्ताव है, जो कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधीनस्थ सभी संस्थानों / रा॰अनु॰के॰/ निदेशालय/ परियोजना निदेशालयों / राष्ट्रीय ब्यूरो में नियमित आधार पर कार्यरत निजी सचिव/वैयक्तिक सहायक से निम्नलिखित शर्तो के आधार पर भरे जाऐंगें। प्रतिनियुक्ति के लिए प्रारंभिक अवधि दो वर्ष के लिए भारत सरकार / परिषद द्वारा जारी नियम व शर्तों के अनुसार है, जो कि एक और वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है ।

पद का नाम	पदों की संख्या	लेवल	पात्रता
निजी सचिद	03	लेवल-7 7th CPC	**(क) भा.कृ.अनु.प. के संस्थानों तथा अन्य ईकाईयों मे कार्यरत निजी सचिव (लेवल 7) अथवा वैयक्तिक सहायक (लेवल - 6) जिनकी 01.01.2022 को पाँच वर्ष की नियमित सेवा हो - प्रतिनियुक्ति के आधार पर ।**

यह अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त रिक्त पदों को आपके संस्थान में कार्यरत इच्छुक उम्मीदवारो के बीच परिचालित कर, पात्र उम्मीदवार, जो आवश्यक अर्हताओं को पूरा करते हों तथा जिन्हें चयनित होने की स्थिति में तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकता हो, का आवेदन इस पत्र के साथ संलग्न किए गए निर्धारित प्रपत्र में, पिछले पाँच वर्ष **(2015-16 से 2019-20)** की गोपनीय रिपोर्ट की छायाप्रति के साथ इस कार्यालय को अन्तिम रुप से दिनांक **25/01/2022** तक अग्रेषित करने की कृपा करें । आवेदन के साथ इस आशय का एक प्रमाण पत्र देना भी अनिवार्य है कि उम्मीदवार के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक / सतर्कता का मामला विचाराधीन नहीं है । अपूर्ण, उचित माध्यम से प्राप्त न होने वाले, गोपनीय रिपोर्ट की प्रति तथा सतर्कता प्रमाण पत्र रहित एवं निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा ।

भवदीय,

कामना टंडन

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (का.2)

वितरणः प्रभारी, ए॰के॰एम॰यू॰ - कृपया उपरोक्त परिपत्र को संस्थान की वैबसाईट पर IARI News के अन्तर्गत रखवा दें ताकि इसे परिषद के सभी संस्थानों / ईकाईयों द्वारा देखा जा सकें ।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में निजी सचिव के पद पर लेवल - 7 में प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन हेतु प्रपत्र

1.	उम्मीदवार का नाम	:	
2.	उम्मीदवार की वर्तमान तैनाती (भा॰कृ॰अ॰प॰ के संस्थान / ईकाई का नाम तथा पता)	:	
3.	जन्म तिथि तथा आयु	:	
4.	शैक्षणिक तथा अन्य योग्यताऐं	:	
5.	वर्तमान पद पर नियमित आधार पर नियुक्ति की तिथि	:	
6.	वर्तमान पद सहित सेवाओं का सक्षिप्त विवरण	:	

धारण किए गए पद	लेवल	सेवा अवधि	तैनाती का स्थान	कार्य का विवरण

7.	स्थायीकरण की तिथि /स्थायी रुप से धारित पद का नाम	:	
8.	अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अनारक्षित	:	
9.	ईमेल का पता / सेवा से संबंधित अन्य कोई जानकारी / विवरण	:	

तिथिः

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

कार्यालय अध्यक्ष द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र

यह सत्यापित किया जाता है कि उपरोक्त दिया गया विवरण सेवा पुस्तिका के अनुसार सही पाया गया है । पिछले पाँच वर्ष की गोपनीय रिपोर्ट की सत्यापित प्रति प्रतियाँ संलग्न है ।

कार्यालय अध्यक्ष के हस्ताक्षर मोहर सहित